**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 15.05.2026 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने ईंधन बचत को लेकर उठाया बड़ा कदम, वर्चुअल सुनवाई और कार–पूलिंग समेत कई उपाय लागू।**
2. **राज्य में जनगणना–2027 का अहम चरण कल से होगा शुरू, रांची सहित सभी जिलों में 14 जून तक चलेगा डोर–टू–डोर मकान गणना और हाउस लिस्टिंग अभियान।**
3. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने ट्रेजरी घोटाला की सीबीआई जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र।**
4. **खूंटी में 1400 मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का किया आह्वान।**

**और**

5. **झारखंड में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी, मौसम विभाग ने 17 और 18 मई को तेज आंधी और बारिश का जारी किया अलर्ट।**

****************

सर्वोच्च न्यायालय ने आज से ईंधन बचाने के लिए कई उपायों की घोषणा की है। इनमें अलग–अलग दिनों में वर्चुअल सुनवाई, न्यायाधीशों की कार–पूलिंग और 50 प्रतिशत रजिस्ट्री कर्मचारियों के लिए **वर्क फ्रॉम होम** की व्यवस्था शामिल है। यह निर्णय ईंधन की खपत कम करने के केंद्र सरकार के व्यापक प्रयासों के अनुरूप है। ये उपाय पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न आर्थिक दबावों को देखते हुए नागरिकों और संस्थानों से ईंधन की खपत कम करने और अनावश्यक खर्च से बचने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के कुछ दिनों बाद किए गए हैं।

****************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान– एएमसीए निर्माण इकाई की आधारशिला रखी। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया रक्षा दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ बनकर उभर रहा है।

****************

राज्य में जनगणना–2027 का अहम चरण कल से शुरू होगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कल से 14 जून 2026 तक शहर में डोर–टू–डोर मकान गणना और हाउस लिस्टिंग अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर–घर जाकर मकानों, परिवारों और रहवासियों से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। इधर, रांची नगर निगम द्वारा जनगणना कार्य में लगे पर्यवेक्षकों और प्रगणकों के बीच आधिकारिक किट का वितरण किया गया।

****************

इधर, गुमला जिले के उपायुक्त–सह–प्रधान जनगणना पदाधिकारी दिलेश्वर महतो ने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से नीतियों के निर्माण, संसाधनों के समुचित वितरण और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलती है।

****************

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने झारखंड ट्रेजरी महाघोटाले को राज्य में संगठित भ्रष्टाचार और सरकारी धन की सुनियोजित लूट का गंभीर मामला बताया है। उन्होंने दावा किया कि अब तक करीब 14 जिलों में ट्रेजरी से लगभग 130 करोड़ रुपये की अवैध निकासी के मामले सामने आए हैं, जिनमें कई वरिष्ठ अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता की आशंका है। बाबूलाल

मरांडी ने इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की।

****************

खूंटी के बिरसा कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का दो दिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हो गया। समारोह के दूसरे दिन 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 1400 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि युवा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं।

****************

राज्य के बहुचर्चित ग्रामीण विकास विभाग टेंडर घोटाला मामले में आरोपी अधिशाषी अभियंता अजय कुमार ने आज रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी। अदालत ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत देते हुए पासपोर्ट जमा करने और न्यायालय की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ने का निर्देश दिया है।

****************

रांची स्थित दूरदर्शन केंद्र में पीआईबी रांची द्वारा अंतर माध्यम प्रचार समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पीआईबी रांची–भुवनेश्वर के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने की। बैठक में दूरदर्शन, यूआईडीएआई, सीसीएल, एनटीपीसी, रेलवे और नाबार्ड समेत विभिन्न केंद्रीय संस्थानों ने अपनी उपलब्धियों और जनसंचार गतिविधियों की जानकारी साझा की। वक्ताओं ने स्थानीय भाषाओं, डिजिटल प्लेटफॉर्म और आधुनिक तकनीक के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सूचनाओं को आम लोगों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर दूरदर्शन और आकाशवाणी के कार्यालय प्रमुख डी.सी. हेम्ब्रम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव पद पर नवप्रोन्नत अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर नवप्रोन्नत अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनहित, सुशासन और विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में आज रांची में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता गणेश मिश्र ने संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और रणनीतियों की जानकारी दी।

****************

सरायकेला–खरसावां जिले के खरसावां मुख्य मार्ग स्थित गोविंदपुर मोड़ पर जल्द ही आधुनिक बस पड़ाव की सुविधा उपलब्ध होगी। जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कहा कि इस परियोजना से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलने के साथ–साथ जिला परिषद के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

****************

रांची में 17 मई को आयोजित होने वाली झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा–2025 को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन

ने व्यापक तैयारी की है। सदर अनुमंडल दंडाधिकारी कुमार रजत ने जिले के 64 परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है।

****************

मौसम विभाग ने आज रांची सहित 14 जिलों में तेज हवा, गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है। इधर, राजधानी रांची सहित कई जिलों में दोपहर बाद से रुक–रुक कर बारिश जारी है। वहीं लोहरदगा में आज आए तेज आंधी–तूफान से भारी नुकसान हुआ। मौसम विभाग ने कल राज्य के उत्तर–पश्चिम और उससे सटे उत्तरी हिस्सों को छोड़कर अन्य जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जतायी है।

**********समाप्त*********